दिनांकः 22.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

प्रदेश में भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त–व्यस्त है। पिछले 24 घंटों में पश्चिमी राजस्थान में अधिकांश स्थानों पर और पूर्वी राजस्थान में कई स्थानों पर लू की स्थिति रही। राज्य में कहीं–कहीं रातें भी गर्म दर्ज की गयीं। सर्वाधिक अधिकतम तापमान पिलानी में 47 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। वहीं 34 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस के साथ जयपुर की रात सबसे गर्म रही। इनके अलावा अधिकांश भागों में दिन का तापमान 43 से 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अलवर, बाड़मेर, चूरू, श्रीगंगानगर, डूंगरपुर और सीकर के फतेहपुर में तापमान 46 के पार जाने से लोग बेहाल हो रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रचंड गर्मी का दौर आगामी दिनों में भी जारी रहेगा। तापमान में और बढोतरी होने की आशंका है। कल से 25 मई तक जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में अधिकतम तापमान 45 से 48 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने और तेज लू चलने की प्रबल संभावना है। विभाग ने भीषण लू का रेड अलर्ट भी जारी किया है।
इस बीच, राज्य सरकार ने बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जलदाय मंत्री और ऊर्जा मंत्री को पानी बिजली की बढी हुई मांग के अनुसार प्रभावी प्रबंधन करने को कहा है। उन्होंने मुख्य सचिव को भी सतत निगरानी रखने के निर्देश दिये हैं। संबंधित विभागों के अधिकारियों को मुख्यालय पर ही रहने तथा बिना पूर्व सूचना के मुख्यालय नहीं छोड़ने को कहा गया है।

....

जयपुर ग्रेटर नगर निगम की ओर से बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में 5 से 15 साल तक के बच्चे निशुल्क भाग ले सकेगे। यह कैंप 1 जून से 20 जून तक सुबह साढे नौ से साढे 11 बजे तक सभी जोनों में आयोजित किये जाएंगे। नगर निगम आयुक्त रूकमणि रियार ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को गर्मियों की छुट्टियों में मनोरंजन और ज्ञानवर्धक गतिविधियों के माध्यम से समय व्यतीत करने का अवसर देना है। समर कैंप में खेल, कला और शिल्प, नृत्य, संगीत, योग, और अन्य रचनात्मक कार्यशालाएं रखी जाएंगी। उन्होंने बताया कि यह शिविर सामुदायिक भवनों में आयोजित किये जाएंगे। इन कैम्पों में भाग लेने के लिये नजदीकी जोन कार्यालयों में सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया है की इच्छुक बच्चे इस अवसर का लाभ उठाएं।

....

आज विश्व जैव विविधता दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जैव विविधता संरक्षण के लिए लोगों को जागरुक किया जा रहा है। झुंझुनूं में विद्यार्थियों और स्काउट गाइड ने कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया और पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर जैव विविधता संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गयी।
भीलवाड़ा के आसींद में दिवस की 'थीम 'बी पार्ट ऑफ द प्लान' पर स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में छात्र–छात्राओं ने विशेषज्ञों से विभिन्न प्रजातियों के जीव जंतुओं और पक्षियों के साथ पर्यावरण के बारे में जानकारी ली।

....

उच्च शिक्षा सचिव संजय मूर्ति ने उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के नामांकन के लिए एक पोर्टल की शुरूआत की है। यह पुरस्कार तकनीकी और गैर–तकनीकी उच्च शिक्षा संस्थानों और पॉलिटेक्निक संस्थानों के शिक्षकों को प्रदान किए जाएंगे। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि चयनित विजेताओं को 5 सितंबर को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि नामांकित व्यक्ति के पास स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर पूर्णकालिक शिक्षण का कम से कम पांच साल का अनुभव होना चाहिए। नामांकन जमा करने की आखिरी तारीख 20 जून है।

....

आईपीएल क्रिकेट में आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा। इससे पहले कल, क्वालीफायर मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

....